आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
बुधवार 02.10.2024
समय 1830

मुख्य समाचार :–

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्वच्छ भारत अभियान के 10 वर्ष पूरे होने पर दस हजार करोड़ रुपये की विभिन्न स्वच्छता परियोजनाओं का उद्घाटन किया।
- केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने देहरादून में लोगों से उत्तराखंड को स्वच्छ बनाए रखने का आह्वान किया।
- उत्तराखंड के सकल राज्य घरेलू उत्पाद में पिछले 20 माह में एक दशमलव तीन गुना की बढ़ोत्तरी हुई।
- पिथौरागढ़ में कैलाश दर्शन यात्रा आज से शुरू।

स्वच्छता अभियान

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि स्वच्छता की प्रतिबद्धता जीवनभर की प्रतिज्ञा है। उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि वे स्वच्छता को जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने के प्रण लें। स्वच्छ भारत मिशन के 10 वर्ष पूरे होने के अवसर पर आज नई दिल्ली में स्वच्छता ही सेवा 2024 कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने स्वच्छता को जन आंदोलन बनाने के लिए 140 करोड़ भारतीयों की अटूट भावना को नमन किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि सेवा पखवाड़ा के केवल 15 दिनों में देश में 27 लाख से अधिक कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिसमें 28 करोड़ से अधिक लोगों ने हिस्सा लिया। उन्होंने कहा कि यह दिन हमें महात्मा गांधी और देश की अन्य महान हस्तियों के सपनों के भारत को सच्चाई में बदलने के लिए प्रेरित करता है।

श्री मोदी ने स्वच्छ भारत मिशन की सफलता में सभी देशवासियों, स्वच्छता कार्यकर्ताओं, धार्मिक नेताओं, एथलीटों, मशहूर हस्तियों, और गैर सरकारी संगठनों तथा मीडिया कर्मियों के योगदान की सराहना की। श्री मोदी ने आज से शुरू की गई परियोजनाओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इससे स्वच्छ भारत मिशन को नई ऊंचाई मिलेगी। श्री मोदी ने इस बात पर जोर दिया कि स्वच्छ भारत मिशन विश्व का सबसे बड़ा और लोगों की भागीदारी से तथा लोगों के नेतृत्व में चलाया गया इस सदी का सबसे सफल और वृहद आंदोलन है।

परियोजना शुभारम्भ

प्रधानमंत्री ने स्वच्छता और साफ–सफाई से जुड़ी 9 हजार 6 सौ करोड़ रुपये से ज्यादा की विभिन्न परियोजनाओं की शुरुआत की। इन परियोजनाओं में अमृत और अमृत 2, स्वच्छ गंगा के लिए राष्ट्रीय मिशन और गोबरधन योजना के तहत 15 संपीड़ित बायोगैस संयंत्र परियोजनाएं शामिल हैं।

महात्मा गांधी जयंती

कृतज्ञ राष्ट्र आज राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को उनकी 155वीं जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित कर रहा है। देश भर में और विदेश स्थित भारतीय दूतावासों में अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में आज सवेरे बापू की समाधि, राजघाट पर सर्व धर्म प्रार्थना सभा आयोजित की गई। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, कई केन्द्रीय मंत्री, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने राजघाट स्थित महात्मा गांधी की समाधि पर पुष्पांजलि अर्पित की।

राष्ट्र आज पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री को भी उनकी जयंती के अवसर पर स्मरण कर रहा है। राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, लोकसभा अध्यक्ष, कई केन्द्रीय मंत्रियों और लोकसभा में विपक्ष के नेता ने विजयघाट स्थित लाल बहादुर शास्त्री की समाधि पर पुष्पांजलि अर्पित की।

## स्वच्छता अभियान–केंद्रीय मत्री

उत्तराखण्ड में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दौरान बड़ी संख्या में स्वच्छता कार्यक्रम आयोजित किए गए। केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने स्वच्छ भारत अभियान के 10 वर्ष पूरे होने के अवसर पर देहरादून के गांधी पार्क में स्वच्छता अभियान में हिस्सा लिया। इस दौरान उन्होंने राष्ट्रव्यापी स्वच्छ भारत अभियान की सराहना करते हुए सभी लोगों  इसमें बढ़–चढ़कर हिस्सेदारी करने की भी अपील की। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि राजधानी देहरादून ने पूरे देश के लिए स्वच्छता को लेकर एक सकारात्मक संदेश भी दिया है।

## पितृ अमावस्या

पितृ अमावस्या पर आज हरिद्वार स्थित हरकी पैड़ी समेत विभिन्न गंगा घाटों पर लाखों श्रद्धालुओं ने गंगा स्नान किया। भक्तों ने नारायणी शिला पर जाकर तर्पण भी किया। पितृ अमावस्या का हिंदू धर्म में अत्यंत महत्वपूर्ण स्थान है। यह दिन पितरों की तृप्ति और उनकी कृपा प्राप्त करने के लिए समर्पित होता है। इस दिन लोग अपने पूर्वजों की आत्मा की शांति के लिए श्राद्ध, तर्पण और पिंडदान करते हैं। पितृ अमावस्या पर ऋषिकेश के त्रिवेणीघाट, देवप्रयाग और बदरीनाथ के ब्रह्मकपाल में भी श्रद्धालुओं की भीड़ रही।

## राज्य घरेलू उत्पाद

उत्तराखंड के सकल राज्य घरेलू उत्पाद–जी०एस०डी०पी में पिछले 20 महीने में एक दशमलव तीन गुना बढोतरी हुई है। पिछले दो सालों में राज्य की प्रति व्यक्ति आय में 26 प्रतिशत वृद्धि हुई है। वर्ष 2023–24 में राज्य की प्रति व्यक्ति आय बढ़कर दो लाख 60 हजार रुपये हो गई है। 2021–22 में यह दो लाख पांच हजार रुपये थी। राष्ट्रीय स्तर पर भी प्रति व्यक्ति आय में 20 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। सचिवालय में मीडिया से औपचारिक बातचीत में सचिव डॉ. आर मीनाक्षी सुंदरम ने बताया कि राज्य सरकार ने वर्ष 2022 में अगले पांच सालों में राज्य की जी०एस०डी०पी को दोगुना करने का लक्ष्य रखा था। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार के पी.एल.एफ. सर्वेक्षण के अनुसार राज्य का 2022–23 में लेबर फोर्स पार्टिसिपेशन रेट 15 से 29 आयु वर्ग में 43 दशमलव 7 प्रतिशत था जो 2023–24 में बढ़कर 49 प्रतिशत हो गया है। इसी तरह से राज्य का वर्क पॉपुलेशन रेशियो 37 दशमलव पांच प्रतिशत से बढ़कर 44 दशमलव दो प्रतिशत हो गया है। राज्य में वर्क पॉपुलेशन रेशियो में महिलाओं की भागीदारी बढ़ी है। 15 से 29 आयु वर्ग में यह 26 दशमलव एक प्रतिशत से बढ़कर 32 दशमलव चार प्रतिशत हो गया है।

## रामपुर तिराह–श्रद्धांजलि

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शहीद स्थल रामपुर तिराहा, मुजफ्फरनगर, में उत्तराखण्ड राज्य आन्दोलनकारी शहीदों की पुण्य स्मृति में आयोजित कार्यक्रम में हिस्सा लिया। उन्होंने शहीद स्मारक में पुष्पांजलि अर्पित कर शहीदों को श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने रामपुर तिराहा गोलीकांड में शहीद हुए प्रत्येक राज्य आंदोलनकारी की याद में शहीद स्थल रामपुर में उनकी प्रतिमा लगाए जाने की घोषणा की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड राज्य के निर्माण और बेहतर भविष्य के लिए आंदोलनकारियों ने अपना वर्तमान बलिदान कर दिया था। उत्तराखण्ड की जनता सदैव इन वीरों की ऋणी रहेगी। उन्होंने कहा

राज्य निर्माण आंदोलन में राज्य की महिलाओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया, राज्य की महिलाएं कभी अत्याचारों के आगे नहीं झुकी।

श्री धामी ने कहा कि पृथक राज्य की परिकल्पना में उत्तराखण्ड की जनसांख्यिकी को संरक्षित रखने की चिंता भी शामिल थी। उन्होंने कहा राज्य सरकार बहुत जल्द उत्तराखंड में सख्त भू–कानून को लाने की तैयारी कर रही है। जिसके लिए सभी हितधारकों, विशेषज्ञों और आंदोलनकारियों के साथ विचार विमर्श किया जा रहा है।

## कैलाश दर्शन यात्रा

पिथौरागढ़ में कुमाऊं मंडल विकास निगम की ओर से चलाई जा रही कैलाश दर्शन यात्रा आज से शुरू हो गई है। कुमाऊं मंडल विकास निगम के प्रबंधक दिनेश गुरुरानी ने कैलाश दर्शन यात्रा के पहले दल को नैनी सैनी एयरपोर्ट से रवाना किया गया। यात्रा पर जाने से पहले श्रद्धालुओं ने एक पौधा मां के नाम अभियान के तहत वृक्षारोपण किया। कुमाऊं मण्डल विकास निगम के प्रबंधक दिनेश गुरुरानी ने तीर्थयात्रियों को हिमालय को स्वच्छ रखने और वहां बिखरे कूड़े को अपने साथ लाने की शपथ दिलाई।

## स्वच्छता कार्यक्रम

चंपावत जिला मुख्यालय में स्वच्छ भारत अभियान के तहत वृहद स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान मानेश्वर व्यू पाइंट से छतार तक सफाई अभियान चलाया गया। कार्यक्रम में नगर पालिका परिक्षेत्र क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले विभाग और जिला स्तरीय अधिकारियों ने हिस्सा लिया।

उधर, चमोली जिले में जिला युवा कल्याण विभाग की ओर से गोपेश्वर महाविद्यालय के स्वयंसेवियों ने 13 हजार फीट की ऊंचाई पर स्थित तृतीय केदार तुंगनाथ में स्वच्छता अभियान चलाया गया। युवा कल्याण अधिकारी चमोली दीपक बिष्ट ने बताया कि स्वच्छता पखवाड़े के तहत इस बार चोपता, तुंगनाथ, चंद्रशिला ट्रैक को चुना गया है, ताकि वहां पर आने वाले तीर्थयात्री पर्यावरण संरक्षण के प्रति संवेदनशील हो सकें।

## अखिल भारतीय किसान मेला

पंतनगर के गोविंद बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में चार से सात अक्तूबर तक 116वें अखिल भारतीय किसान मेला और कृषि उद्योग प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा। प्रदर्शनी में किसानों के लिए विभिन्न कार्यक्रम और प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी। सात अक्तूबर को पुरस्कार वितरण के साथ मेले का समापन होगा। मेला प्रभारी डॉक्टर जितेंद्र क्वात्रा ने बताया कि चार और पांच अक्तूबर को फल–फूल, शाक–भाजी, मत्स्य उत्पादन प्रदर्शनी का आयोजन होगा। छह अक्तूबर को पशु चिकित्सा विज्ञान महाविद्यालय परिसर में पशु प्रदर्शनी और प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी।